Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *16 मार्च।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी जोधपुर ग्रामीण इकाई द्वारा आज मंगलवार को कार्यवाही करते हुये क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) अशोका राम पंवार को 10 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए. सी.बी. की जोधपुर ग्रामीण इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि शिकार के केस में जब्त बोलेरो गाड़ी छुडवाने की एवज में क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) अशोका राम पंवार द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की **जोधपुर ग्रामीण** इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भोपाल सिंह लखावत** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम के द्वारा जोधपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुये अशोका राम पंवार पुत्र श्री केशराराम निवासी ग्राम पोस्ट नेहड़ाई, पुलिस थाना मोहनगढ़, जिला जैसलमेर हाल क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) माचिया पार्क, जोधपुर को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।